जिससे संसार में व्यापार-युद्ध आरम्भ हो जायेगा;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) इस कार्यवाही की रोकथाम के लिये सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं ?

**वैदेशिक व्यापार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री राम सेवक)** : (क) तथा (ख). जी हां ।

सरकार को कुछ प्रमुख औद्योगिक देशों के ऐसे प्रस्तावों के संबंध में जानकारी है जिनसे वे अपने आयातों पर संरक्षणात्मक प्रशुल्क तथा अन्य प्रतिबन्ध लगाना चाहते हैं तथा सरकार इन उपायों से अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर पड़ने वाले प्रभावों के विषय में चिन्तित है ।

(ग) भारत सरकार इस मामले में हो रही घटनाओं पर ध्यान दे रही है और सम्बद्ध बड़े औद्योगिक देशों द्वारा प्रस्तावित संरक्षणात्मक उपायों के फलस्वरूप बहुदेशीय व्यापार प्रबन्धों के छिन्न-भिन्न हो जाने की संभावना को कम करने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय विचार-विमर्श कर रही है ।

**उत्तर प्रदेश के जिला उन्नाव की नदियों में बाढ़**

1270. **श्री वाल्मीकी चौधरी** : क्या **सिंचाई तथा विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जिला उन्नाव (उत्तर प्रदेश) की नदियों में अत्यधिक वर्षा के कारण बाढ़ आ गई थी तथा इससे पर्याप्त धन जन की हानि हुई थी;

(ख) यदि हां, तो इसके परिणामस्वरूप कितने व्यक्ति मर गए थे; और

(ग) सरकार ने बाढ़ नियंत्रण के लिए क्या उपाय किए हैं ?

**सिंचाई तथा विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)** : (क) और (ख). जी, हां । अत्यधिक वर्षा के कारण नदियों में बाढ़ें आ गई और उनसे बाहर पानी बहने लगा जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र बाढ़-ग्रस्त हो गये । जल-निकास अवरोध उत्पन्न होने से भी स्थिति और बिगड़ गई जिसके परिणामस्वरूप सम्पत्ति और फसलों को बहुत हानि हुई । 22 व्यक्तियों के मरने की सूचना मिली है ।

(ग) राज्य सरकार इस समय नई नालियों के निर्माण, वर्तमान नालों के पुर्नरूपण और सई नदी पर पुलों के नीचे अतिरिक्त जलमार्गों के प्रबंध से संबंधित प्रस्तावों पर विचार कर रही है ।

**विदेशों में खादी तथा हेंडलूम को लोकप्रिय बनाना तथा उसका प्रचार करना**

1271. **श्री वाल्मीकी चौधरी** : क्या **वैदेशिक व्यापार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने विदेशों में खादी तथा हेंडलूम को लोकप्रिय बनाने और उसका प्रचार करने के बारे में क्या प्रयत्न किए हैं ताकि विदेशी मण्डियों में इनकी खपत हो सके;

(ख) उन देशों के नाम क्या हैं जिनके साथ आजकल हमारा खादी व्यापार हो रहा है; और

(ग) गत दो वर्षों में खादी व्यापार से कुल कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई है ?

**वैदेशिक व्यापार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री राम सेवक)** : (क) खादी से संबंधित जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

हथकरघा माल के बारे में एक विवरण संलग्न है ।

(ख) तथा (ग). जानकारी एकत्रित